भीलवाड़ा, गुरुवार 17 अगस्त, 2017 | 18

दैनिक भास्कर

## कानूनी सलाह केंद्र का उद्घाटन कल

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में कानूनी सलाह केंद्र खोला गया है। इस केंद्र का उदघाटन 18 अगस्त को सुबह 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के सचिव विशाल भार्गव, सिविल न्यायालय गंगरार के न्यायाधीश रविंद्र सिंह एवं बार काउंसिल चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्वारा किया जाएगा। इस केंद्र पर हर जरूरतमंद तक कानून की सही एवं निशुल्क जानकारी दी जाएगी।

प्रातःकाल

उदयपुर, गुरूवार 17 अगस्त, 2017 5

## निःशुल्क कानूनी सलाह केंद्र का उद्घाटन 18 को

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में कानूनी सलाह केंद्र का उदघाट । 18 अगस्त प्रातः 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विशाल भार्गव, सिविल न्यायालय गंगरार के न्यायाधीश रविन्द्र सिंह एवं बार काउंसिल अध्यक्ष ओमप्रकाश द्वारा किया जाएगा। हर जरूरतमंद तक कानून की सही एवं निःशुल्क जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से खोले जा रहे इस केंद्र का संचालन मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा किया जाएगा एवं अपनी सेवाएं निशुल्क प्रदान करेगा।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में कानूनी सलाह केन्द्र का उद्घाटन

**चित्तौड़गढ़ @ पत्रिका.** मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में विधि विभाग के तत्वावधान निः शुल्क कानूनी सलाह केन्द का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल भार्गव व रविन्द्र सिंह यादव ने किया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसका संचालन विधि विभागाध्यक्ष आशा रावत ने किया।

मुख्य अतिथि भार्गव ने कहा कि सही समय पर सही सलाह ही लोगों को कानूनी दांव पेच से बचा सकती है। यादव ने तालुका स्तर पर विधिक जागरूकता को अधिक प्रभावी रूप से फैलाने की अपील की, अध्यक्ष बार काउंसिल चितौड़गढ़ ओम प्रकाश ने विधिक सेवा की वस्तुस्थिति व महत्ता पर चर्चा की।

भारती गहलोत ने विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक अमित यादव, प्रीति सेंगर, अमित कुमार आदि मौजूद थे।



गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में कानूनी सलाह केन्द्र का उद्घाटन करते अतिथि।

# सार समाचार

## निशुल्क कानूनी सलाह केन्द का उदघाटन



**गंगरार।** विश्वविद्यालय परिसर में शक्रवार को विधि विभाग के तत्वाधान में निशुल्क कानूनी सलाह केन्द का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल भार्गव, एसीजेएम एवं पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चितौड़गढ एवं रविन्द्र सिंह यादव, न्यायाधिश गंगरार न्यायालय, ओम प्रकाश शर्मा अध्यक्ष बार एसोसिएशन द्वारा मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के चेयरपर्सन की उपस्थिति में किया गया। वधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन विधि विभागाध्यक्ष आशा रावत के सानिध्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सही समय पर सही सलाह ही लोगों का कानूनी दांव पेच से बचा सकती है।